फा. सं. 9/5/2009-आईआर(पार्ट)।।

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

*****

तृतीय तल, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग,

नई दिल्ली-110001, 27 जून, 2019

सेवा में

1. अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
2. प्रबंध निदेशक एवं मुख्यकार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीयकृत बैंक

विषय: सरकारी क्षेत्र के बैंकों में वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर)।

महोदय/महोदया,

कृपया सरकारी क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में सभी स्तरों पर वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट तथा इनके अंतर्गत मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए) के संबंध में इस विभाग के दिनांक 23.3.2012 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करें। बैंक पीएसबी सुधार एजेंडा के अंतर्ग अभिचिह्नित छः विषयों के संबंध में बेहतर उपलब्धता तथा सेवा उत्कृष्ट (ईएएसई) के लिए वस्तुगत एवं परिमाप्य सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए "ईएएसई सुधार" की सूचना पीएसबी को आईबीए के दिनांक 25.4.2019 के पत्र संख्या सीआई-आई/पीएसबी/आरए/ईएएसई/।। के द्वारा दी गयी है।

"पूर्णकालिक निदेशक (डब्ल्यूटीडी) से दो स्तर नीचे तक के कर्मचारियों के केआरए, जिनमें वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करने के कार्य के भाग के रूप में कर्मचारी की भूमिका संगत हो, में सुधार सूचकांक से संबंधित ईएएसई को शामिल करना"

2. तदनुसार, वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इसके पश्चात् पूर्णकालिक निदेशक से दो स्तर नीचे तक के कर्मचारी के केआरए को अंतिम रूप देते समय बैंक ऐसे कर्मचारियों की भूमिका के संबंध में संगत ईएएसई सुधार को समुचित रूप से ध्यान में रखें।

भवदीय,

(के.एम. नन्दकुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 011-23748760

ई-मेल: ir@nic.in